# THE
# PARLIAMENTARY DEBATES
# OFFICIAL REPORT

IN THE FIFTY-FIFTH SESSION OF THE RAJYA SABHA

*Commencing on the 14th February, 1966/the 25th Magna, 1887(Saka*

## RAJYA SABHA

.Monday, the 14th February, 1966/th« 25th *Magha*, 1887 (Saka)

The House met at ten minutes past twelve of the clock, MR. CHAIRMAN in the Chair.

### PRESIDENT'S ADDRESS LAID ON THE TABLE

MR. CHAIRMAN: Secretary will lay the President's Address on the Table.

SHRI BHUPESH GUPTA (West Bengal): Sir, before you proceed with that, the Government should make a statement *on* the food situation in Kerala. They have created a hell there. Therefore I feel ....

MR. CHAIRMAN: I will proceed according to the Order Paper.

SHRI BHUPESH GUPTA: That is all right. But I must mention it on the very first day what they are doing in Kerala. Repression and no food—that is their line of action. Since the Kerala Assembly has not been there, let them make a statement here.

MR. CHAIRMAN: Mr. Bhupesh Gupta, will you please sit down? I will proceed according to tha Older Paper.

SHRI BHUPESH GUPTA: We want the Government, this caJlcus Government, to make a statement, Sir. It is *no* use saying . . .

(Interruptions)

MR. CHAIRMAN: Order, order. Secretary.

SECRETARY: Sir, I beg to lay on the Table a copy of the President's Address to both the Houses of Parliament assembled together on the 14th February, 1966.

(Text *of the President's Address in* English)

Members of Parliament, Once again, I welcome you to a new session. A month ago, the nation lost its Prime Minister, Lal Bahadur Shastri. He was truly a man of the people who never lost the common touch. He combined firmness of purpose with flexibility of approach. He was a man of deep humility, gentle in his ways, soft of speech and devoted to peace. In hours of crisis, he was calm, courageous and unflinching.

2. While deeply distressed by the turn of events which forced us into an armed conflict with Pakistan, he gave an inspiring lead to the nation. Our brave and gallant armed forces have written a new chapter of giory in our history. We honour our heroas, comfort the bereaved and lament the low of precious lives. The people «f

India have once again demonstrated their unity and solidarity. Communal harmony was preserved throughout the country. Labour showed an exemplary spirit.

3. When the fighting ceased, Lal Bahadur Shastri bent his energies towards the establishment of good neighbourly relations with Pakistan. Before his sudden untimely death, he had the satisfaction of signing the Tashkent Declaration with President Ayub Khan of Pakistan in the presence of Mr. Kosygin, Chairman cf the Council of Ministers o,f the U.S.S.R, whose good offices and friendly approach, more than anything else, made the agreement possible. It was Lal Bahadur Shastri's hope and belief that the Tashkent Declaration would lay the foundation for an enduring peace and friendship between India and Pakistan. **More** even than the letter, it is the spirit of the Tashkent Declaration that is important. Both sides have to fulfil it with faith and vision.

4. We are fortunate in having very friendly relations with almost all countries in the world. We are particularly happy that the friendly ties and understanding with our neighbours, have been further strengthened. Unfortunately, our relations with the People's Republic of China still continue to be strained. The country has to be vigilant and strong.

5. Our Government will continue to work for peace in the world. Peace is essential for our own development and progress and for the well-being of all peoples. To this end, we shall strive to strengthen international co-operation, based on the principles of peaceful co-existence, nton-interfer-ence in the internal affairs of others, non-alignment which implies freedom to judge issues on their merits and, above all, the abandonment of the use of force to settle disputes. If the resources of prosperous nations, which are now spent ori armaments, could be diverted to the service cf mankind, the people living in poverty and ignorance would have a new hope of achievement in their life time.

6. One by one, countries in Africa and Asia, which were under colonial domination, have achieved independence and taken their rightful place in the comity of nations. It is unfortunate that some countries are still under Portuguese domination and we sympathise with those who are fighting for their independence. In South Africa, we support the struggle against apartheid.

7. One of the most unwelcome developments which has taken place is the Unilateral Declaration of independence by Rhodesia and the seizing of power by a racial minority which is seeking to establish its domination over the people of Rhodesia. We have .cut of all relations with Rhodesia, diplomatic and economic, and will continue to give our full support to the people of Rhodesia in setting up a tru'y democratic Government.

8. We are deeply concerned about the present situation in Vietnam. Any effort to resolve this conflict by peaceful methods will receive our support.

9. Last year, I visited Yugoslavia, Czechoslovakia, Rumania and Ethiopia. In all these countries, I was warmly received and I found evidence of deep friendship and goodwill towards India and her people. The Vice-President visited Kuwait, Saudi Arabia, Jordan, Turkey and Greece, where he was received with great cordiality and friendliness. The same friendliness was displayed by the Governments and peoples of Nepal, the Soviet Union, the United Arab Republic, Canada, Great Britain, Yugoslavia and Burma during the visits which the late Prime Minister Shastri paid to those countries. We have also had the pleasure of welcoming to our country the King and Queen of Nepal, the Secretary-General of the United Nations, the Primt

Ministers of Afghanistan Czechoslovakia, Laos and Uganda and many other high dignitaries from all over the world. Many Heads of Governments and other high personages came to Delhi last month to pay their homage to Lal Bahadur Shastri and we were greatly touched by their presence.

10. The year 1965-66 is the last year of our Third Five-Year Plan. The growth of national income, which was slow in the first two years of the Plan, was speeded up with the rise of 4˙5 per cent, in the third year and 7˙3 per cent, in the fourth year. Ordi narily, it should have been possible to maintain a comparable rate of growth during the current year. Un fortunately, a number of adverse factors have slowed down production. The unprecedented drought which we experienced, the armed conflict in which the country was involved and the suspension of promised economic aid from outside have reduced the rate of growth.

11. On account of the failure of monsoons, the production of food grains in 1965-66 is likely to be only 76 to 77 million tonnes, as against 88 million tonnes in the previous year. The shortfall in the availability of foodgrains, as well as of fodder and water, has created serious scarcity conditions in many States, particular ly in Maharashtra, Gujarat, Mysore, Madhya Pradesh, Rajasthan and Andhra Pradesh. The State Govern ments and the Centre have already taken steps to provide relief to the people affected by the scarcity. We take the opportunity to acknowledge the assistance readily given by inter national organisations and the Gov ernments and people of various friend ly countries. In particular, we would like to thank the President of the United States and his administration for their generous help at this time rf need.

12. Measures have to be taken to isure equitable distribution of the •ailable supplies between State and State and man and man. Statutory rationing has been introduced in Calcutta, Madras, Coimbatore and Delhi. It will be introduced in a number of other cities in the coming months.

13. The Government is aware of the distress .caused in Kerala where the availability of rice now admits of a daily ration of 140 grams only per head. This is suplemented by an equal quantity of wheat. There has been considerable discontent and agitation on account of the reduced availability of rice. Steps are being taken to increase the supply of rice by imports from abroad and by additional procurement internally. We trust that States with a surplus will co-operate fully in making more rice available for the people of Kerala.

14. The present difficulties only re-emphasize the need to concert and implement measures to increase the production of foodgrains in the shortest possible time. Only by the application of modern science and technology can agricultural production increase in an adequate measure in the new agricultural strategy of our Government, the greatest emphasise has been placed on the use of improved varieties of seeds which are particularly responsive to the application of fertilizers. These new varieties should cover 4:5 million acres of land in 1966-67, and over 32 million acres by the end of the Fourth Plan.

15. The internal production of fer tilizers is being stepped up. The Trombay fertilizer plant has already been commissioned. Neyvelli is ex pected to go into production in the near future. In 1967, four plants will be commissioned at Namrup, Gor akhpur, Baroda and Vishakhapatnam. Recently certain decisions have been taken to attract private capital also, \ both foreign and indigenous, for investment in this field. Till such time as domestic production is adequate, the Government proposes to import

the requisite quantities of fertilizers for the agricultural programme.

16. Irrigation projects are being speeded up. It is expected that through major and medium irrigation projects, water for an additional 3 million acres will become available during the coming financial year. Minor irrigation projects are also receiving attention. About 7 lakh pumping sets are expected to be ener gised during the Fourth Plan. Con siderable emphasis will be laid on rural electrification.

17. Finance will be required by the farmer to make greater use of fertilizers and of the water from our irrigation projects. Steps are being taken to ensure that credit is made available to the farmer quickly and at relatively low rates of interest.

18. The high priority we are giving to agriculture is necessary not merely to ensure self-sufficiency in foodgrains, but also to enable us to increase our exports of agricultural and industrial products. Exports showed a marked increase during the first three years of the Third Five-Year Plan. In the last two years, however, they have remained relatively stagnant. There has been an impressive rise in our exports to East European .countries in general and to the U.S.S.R, in particular. However, our balance of payments position with the rest of the world has continued to be under strain. While external assistance has been making a welcome contribution to the country's development and while we must thank the many countries and international institutions from whom we receive aid, we i must intensify our efforts to increase exports and to make the country self-reliant as quickly as possible.

19. A number of public sector plants have started production in the recent past. Fresh capacity has been added in the machine building sector, in oil refineries and in the production of alloy steels. Adequate provision will be made in the Fourth Plan for the expansion of industries in the public sector. Special mention has to be made in this context of the steel plant to be set up at Bokaro with Soviet collaboration and of the enterprises intended to put atomic energy to peaceful constructive uses. The Atomic Energy Commission and indeed the world of science has suffered and an irreparable loss in the tragic death of Dr. H. J. Bhabha. The work which he had started must continue with unabated vigour.

20. The investment which we make in the public sector has to give adequate returns. Our Government proposes to pay special attention to the efficient management of public sector enterprises.

21. Industries in the private sector have also to expand their output and capacity. While certain curbs and controls are inevitable in a planned economy and in the context of scar-city, conditions have to be created in-which private initiative and private savings can be harnessed to make the maximum possible contribution to-growth and development within the framework of the Fourth Five-Year Plan.

22. The success we have achieved in improving the health of our people and raising the average expectation of life gives us cause for satisfaction. The number of doctors avail-able is now nearly 90,000 as against 70,000 in 1960-61. Hospital beds have increased by nearly a third over the same period. Mortality due to malaria has practically been eradicated over the last decade. Side by side with the fall in the death rate, we must bring about a reduction in the birth rate. If our population goes on increasing at the rate of about a million a month, it will be difficult to raise our standards of living and to end our chronic dependence on import! to feed our people. Family planning programmes have to be intensifier and brought within the reach of a[1]

23. The number of school-going children at the primary stage has gone up from a little above 40 per cent, at the commencement of our first Plan to nearly 80 per cent, this year. The percentage at higher levels has nearly trebled over the same period. The annual out-turn from our Technical Training Institutions has doubled during the Third Plan.

24. Prices continued to rise during the year, although the rate of increase was not as high as in the previous year. In view of the set-back in agricultural production this year, steps have to be taken to keep inflationary pressures in check. Curtailment of public expenditure has an important role in this.

25. Our Government is trying to prune non-Plan expenditure and to concentrate our resources on development. There are, however, certain areas where higher expenditure is unavoidable. We have to provide for the rehabilitation of people affected by the recent conflict. We have to undertake relief measures in the drought-stricken areas. With the increase in recent months of tension on our Northern borders, we cannot but provide for a higher outlay on defence. In the circumstances obtaining, a tighter financial discipline, internal and external, is unavoidable.

26. Monetary and financial curbs, however necessary they may be in the short run, do not provide an answer to the basic problems of our economy. To fight poverty, we must have higher production. Towards this end, both the public sector and the private sector have important tasks ahead of them.

27. The preparation of the Fourth ""Ian has unfortunately been delayed, to certain unforeseen develop- ts. The Plan for the year 67 is ready. The State Govern- are mobilising resources to im- nt it. Although the total out- the 1966-67 Plan will be lower hat we had earlier hoped for, every effort will be made to make good the shortfall in the remaining years of the Fourth Five-Year Plan.

28. Members of Parliament, a new Government has come into power, led by one you all know and who belongs to the younger generation of freedom fighters. The reorganisation of Departments and Ministries reflects the priorities to which I have just referred.

29. Thirty-eight Bills are already before you for your consideration. Amongst the new Bills which the Government proposes to introduce are: —

(1) Rice Milling Industry (Regulation) Amendment Bill. 1966;

(2) The Crop Insurance Bill 1966;

(3) The Indian Tariff (Amendment) Bill to replace the Ordinance;

(4) The Essential Commodities (Amendment) Bill 1966;

(5) The Contract Labour (Regulation and Abolition) Bill[1] 1966;

(6) The Forward Contracts (Regulation) Amendment Bill 1966; and

(7) The Armed Forces (Special' Powers Continuance) Bill 1966; and

(8) The Import and Export Control (Amendment) Bill 1966;

30. A statement of the estimated receipts and expenditure of the Government of India for the financial year 1966-67 will be laid before you.

31. Members of Parliament, I wish you success in your labours. Our objec'ives are known and our goals are clear. We have to strive for a better life for our people at home aud to assist in promoting peace an operation in the world. Towards

these objectives, you have to guide the nation with courage and wisdom and a spirit of co-operative endeavour.

*(.Text of the President's Address in Hindi)*

संसद् सदस्यगण, एक बार फिर, संसद् के नये सत्र में मैं आपका स्वागत करता हूं । महीना भर हुआ राष्ट्र से उस के प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री छिन गए । वे निश्चय ही जन-साधारण थे और जन-साधारण से उनका संबंध निरन्तर बना रहा । साध्य की दृढ़ता को कायम रखते हुए वे यथावश्यक साधनों को अपनाते थे । वे स्वभाव से अत्यन्त विनम्र, व्यवहार में सरल, वाणी में कोमल और शांति के पुजारी थे । संकट की घड़ियों में वेशान्त, उत्साही और अडिग बने रहते थे ।

2. जिन घटनाचक्रों में पड़कर हमें पाकिस्तान के साथ सशस्त्र संघर्ष करना पड़ा, उन से उन्हें बड़ा दुःख था फिर भी उन्होंने राष्ट्र को प्रेरणादायी नेतृत्व प्रदान किया । हमारी वीर सेनाओं ने हमारे इतिहास में गौरव का एक नया अध्याय जोड़ दिया है । हम अपने वीरों का सम्मान करते हैं, शहीदों के लिए शोक मनाते हैं और उन के दुःखी संबंधियों को सान्त्वना देते हैं । भारत की जनता ने एक बार फिर अपनी एकता और संगठन का सबूत दिया । देश भर में सांप्रदायिक एकता बनी रही । हमारे मजदूरों ने भी अनोखा उत्साह दिखाया ।

3. जब लड़ाई बन्द हो गई तब लाल बहादुर शास्त्री ने अपनी शक्ति पाकिस्तान के साथ अच्छे पड़ोसी के संबंध स्थापित करने की ओर लगाई । अपनी अचानक और असामयिक मृत्यु के पूर्व उन्हें इस बात का संतोष हुआ कि उन्होंने पाकिस्तान के राष्ट्रपति अयूब खां के साथ सोवियत समाजवादी गणतंत्र संघ के मंत्रि-परिषद् के अध्यक्ष श्री कोसीगिन की उपस्थिति में ताशकंद घोषणा पर हस्ताक्षर किए । श्री कोसीगिन की सद्भावना और मित्रतापूर्ण दृष्टिकोण इस क़रार के संपन्न होने में सब से अधिक सहायक सिद्ध हुआ । लाल बहादुर शास्त्री को आशा तथा विश्वास था कि ताशकंद घोषणा से भारत और पाकिस्तान के बीच स्थायी शांति और मित्रता की नींव पड़ेगी । ताशकंद घोषणा के शब्दों से अधिक महत्वपूर्ण उसकी भावना है । दोनों पक्षों को आस्था और दूरदर्शिता के साथ उसका आदर करना है ।

4. हमारा सौभाग्य है कि दुनिया के प्रायः सभी देशों के साथ हमारे संबंध मित्रतापूर्ण हैं । हमें इस बात की विशेष प्रसन्नता है कि अपने पड़ोसियों के साथ हमारी समझ-बूझ अधिक बढ़ी है और मित्रता के संबंध और सुदृढ़ हुए हैं । दुर्भाग्यवश, चीन लोक गणराज्य के साथ हमारे संबंधों में अब भी तनाव बना हुआ है । देश को होशियार रहना और मजबूत बनना है ।

5. हमारी सरकार विश्व में शांति की स्थापना के लिए प्रयत्न करती रहेगी । शांति हमारे अपने विकास, प्रगति और हमारी सारी जनता के कल्याण के लिये आवश्यक है । इस उद्देश्य से हम अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को सुदृढ़ बनाने का प्रयत्न करेंगे । इस सहयोग के आधारभूत सिद्धांत होंगे—शांतिपूर्ण सहजीवन, दूसरों के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप न करना, गुट-विमुक्ति जिस में समस्याओं पर तथ्यानुसार निर्णय करने की स्वतंत्रता है और उन सब से बढ़ कर, झगड़ों को तय करने में बल-प्रयोग का परित्याग । अगर खुशहाल राष्ट्रों के साधन, जिनका अपव्यय आज हथियार बनाने पर किया जा रहा है, मानव की सेवा में लगाए जा सकते, तो दीनता अज्ञानता में रहने वाले लोग अपने जी काल में ही नई उपलब्धियों की आशा सकते थे ।

6. एशिया और अफ्रीका के देश, जो उपनिवेशवादी आधिपत्य में थे, एक के बाद एक स्वतंत्र हुए हैं, और उन्होंने राष्ट्रों के समुदाय में अपना समुचित स्थान प्राप्त किया है। यह दुर्भाग्य की बात है कि कुछ देश अब भी पुर्तगालियों के आधिपत्य में हैं, और हमारी सहानुभूति उन के साथ है जो स्वतंत्रता के लिए संघर्ष कर रहे हैं, दक्षिण अफ्रीका में वर्णभेद के विरुद्ध जो संघर्ष चल रहा है, हम उसका समर्थन करते हैं।

7. रोडेशिया द्वारा स्वाधीनता की एकतरफा घोषणा और एक अल्पसंख्यक जाति का बल द्वारा सत्ता को अपने हाथ में लेना, जो रोडेशिया की जनता पर अपना प्रभुत्व स्थापित करना चाहती है — यह एक बहुत दुःखद घटना है। हमने रोडेशिया के साथ राजनयिक, आर्थिक —सब तरह के संबंध तोड दिए हैं और एक सच्ची प्रजातंत्रात्मक सरकार स्थापित करने में हम रोडेशिया की जनता का पूरी तरह समर्थन करते रहेंगे।

8. वियतनाम की वर्तमान स्थिति पर हमें गंभीर चिंता है। हमारा समर्थन किसी भी ऐसे प्रयत्न के साथ होगा, जिस से यह संघर्ष शांतिपूर्ण उपायों से समाप्त किया जा सके।

9. गत वर्ष मैं ने यूगोस्लाविया, चेकोस्लोवाकिया, रूमानिया और इथियोपिया की यात्रा की। इन सब देशों में मेरा हार्दिक स्वागत किया गया और भारत और उसकी जनता के प्रति सद्भावना और घनिष्ठ मैत्री के मुझे सबूत मिले। उपराष्ट्रपति ने कुवेट, सउदी अरब, जौर्डन, टर्की और ग्रीस की यात्रा की। जहां पर उन का बहुत खलूस और मित्रता से स्वागत किया गया। वही मित्रता की भावना नेपाल, सोवियत, संघ, संयुक्त अरब गणराज्य, कैनेडा, ग्रेट ब्रिटेन, यूगोस्लाविया और बर्मा की जनता और सरकार में देखी गई जब स्वर्गीय प्रधान मंत्री शास्त्री ने इन देशों की यात्रा की। हमें भी नेपाल के महाराज और महारानी, संयुक्त राष्ट्र के महासचिव, अफ़गानिस्तान, चेकोस्लोवाकिया, लाओस और उगांडा के प्रधान मंत्रियों तथा संसार के विभिन्न देशों के बहुत से विशिष्ट व्यक्तियों का अपने देश में स्वागत करने का सुअवसर मिला। लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए पिछले महीने बहुत-सी सरकारों के अध्यक्ष और अन्य महानुभाव दिल्ली आए और उनकी उपस्थिति से हमें बड़ी सान्त्वना मिली।

10. 1965–66 हमारी तीसरी पंचवर्षीय योजना का अंतिम वर्ष है। हमारी राष्ट्रीय आय की वृद्धि जो योजना के पहले दो वर्षों में मंद थी, अब गतिमय हो कर तीसरे वर्ष में 4.5 प्रतिशत और चौथे वर्ष में 7.3 प्रतिशत तक पहुंच गई है। सामान्य परिस्थितियों में यह संभव होना चाहिए था कि चालू वर्ष में भी तुलनात्मक वृद्धि की यह दर कायम रखी जाती। दुर्भाग्यवश, कई प्रतिकूल बातों से उत्पादन की गति मंद हो गई है। वर्षा की बेहद कमी, सशस्त्र संघर्ष जिस में देश को उलझना पड़ा, और बाहर से मिलने वाली आर्थिक सहायता का रोक दिया जाना— इन सब ने हमारी वृद्धि की दर को घटा दिया है।

11. समय पर वर्षा न होने के कारण ऐसी आशंका है कि 1965–66 में गल्ले की पैदावार सिर्फ 760 से 770 लाख टन होगी जब कि पिछले वर्ष 880 लाख टन हुई थी। गल्ले की कमी के कारण, साथ ही चरी और पानी की कमी के कारण भी, बहुत से प्रदेशों में सूखे की हालत आ पहुंची है। विशेषकर महाराष्ट्र, गुजरात, मैसूर, मध्य प्रदेश, राजस्थान और आंध्र में। सूखे से पीड़ित लोगों की सहायता के लिए केन्द्रीय और राज्य सरकारें कदम उठा चुकी हैं। अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों और विभिन्न मित्र देशों की सरकारों और जनता ने जो हमें तुरन्त

सहायता दी है उसके लिए हम इस अवसर पर कृतज्ञता प्रकट करते हैं । विशेष रूप से, हम संयुक्त राज्य अमरीका के राष्ट्रपति और उन के प्रशासन के प्रति आभार प्रकट करना चाहेंगे, जिन्होंने इस आड़े समय में उदारतापूवक हमारी सहायता की ।

12. ऐसे उपाय बरतने पड़ेंगे जिन से यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्राप्त सामग्री में से हर मनुष्य और हर राज्य को उसका समुचित हिस्सा मिल सके । काननी राशनिंग, कलकत्ता, मद्रास, कोयम्बत्तूर और दिल्ली में शुरू कर दी गई है । आगामी महीनों में कई अन्य नगरों में भी शुरू की जाएगी ।

13. केरल में जो कठिनाई अनुभव की जा रही है उस से सरकार अवगत है । चावल की उपलब्धि से वहां प्रति व्यक्ति को केवल 140 ग्राम रोजाना राशन दिया जा सकता है । उसे उतने ही गेहूं से पूरा किया जा रहा है । चावल कम मिलने के कारण वहां पिछले दिनों बड़ा असंतोष रहा और आंदोलन हुआ । बाहर से आयात कर के और देश से अतिरिक्त राशि प्राप्त करके अधिक चावल देने के लिए क़दम उठाए जा रहे हैं । हमें विश्वास है कि जिन प्रदेशों में अधिकता है, वे केरल के लोगों को ज्यादा चावल उपलब्ध कराने में पूरी तरह सहयोग देंगे ।

14. हमारी वर्तमान कठिनाइयां ऐसे साधनों को एकत्र करने और उन के प्रयोग करने की आवश्यकता पर एक बार फिर बल देती हैं, जिन से कम से कम समय में गल्ले की पैदावार बढ़ाई जा सके । केवल आधुनिक विज्ञान और तकनीकी विद्या की सहायता से ही हम अपनी खेती की पैदावार पर्याप्त मात्रा में बढ़ा सकते हैं । हमारी सरकार के कृषि-सम्बन्धी नए उपायों में सब से अधिक बल सुधरे क़िस्म के बीजों के प्रयोग पर दिया जाता है जिन पर उर्वरकों का विशेष प्रभाव पड़ता है । 1966-67 तक पैंतालीस लाख एकड़ जमीन के लिए ये सुधरे बीज मिल सकेंगे और चौथी योजना के अंत तक 320 लाख एकड़ जमीन के लिए ।

15. देश में उर्वरकों की पैदावार बढ़ाई जा रही है । ट्राम्बे फरटिलाइज़र प्लांट चालू हो चुका है और नैवेली प्लांट निकट भविष्य में उत्पादन आरंभ कर देगा । 1967 में नामरूप, गोरखपुर, बड़ौदा और विशाखापत्तनम में चार प्लांट लगाए जाएंगे । इस क्षेत्र में लगाने के लिए, देशी और विदेशी निजी पूंजी को आकर्षित करने के उद्देश्य से हाल ही में कुछ निर्णय किए गए हैं । जब तक देशी उत्पादन पर्याप्त नहीं होता तब तक सरकार अपने कृषि-कार्यक्रम के लिए वांछित मात्रा में उर्वरकों का आयात करना चाहती है ।

16. सिंचाई प्रायोजनाओं में तेजी लाई जा रही है । ऐसा अनुमान है कि आगामी वित्तीय वर्ष में बड़ी और मंझली सिंचाई प्रायोजनाओं द्वारा और 30 लाख एकड़ जमीन के लिए पानी मिल सकेगा । छोटी सिंचाई प्रायोजनाओं की ओर भी ध्यान दिया जा रहा है । चौथी योजना के दौरान, ऐसी आशा की जाती है कि लगभग 7 लाख पंपिंग सेट चालू कर दिए जाएंगे । गांव में बिजली पहुंचाने पर काफी जोर दिया जाएगा ।

17. हमारी सिंचाई योजना से पानी और उर्वरकों का अधिक प्रयोग करने के लिए काश्तकार को धन की आवश्यकता होगी । इस बात को सुनिश्चित करने के लिए क़दम उठाए जा रहे हैं कि काश्तकार को उधार धन जल्दी मिल सके और अपेक्षाकृत कम ब्याज की दर पर ।

18. खेती-बाड़ी को जो हम ऊंचे दर्जे की प्राथमिकता दे रहे हैं वह केवल इसलिए आवश्यक नहीं है कि उससे हमारी अन्न संबंधी आत्मनिर्भरता सुनिश्चित हो सकेगी ब[ल्कि] इसलिए भी कि उससे हम कृषि और औ[द्योगिक]

गिक उत्पादन का अपना निर्यात बढ़ाने में भी समर्थ हो सकेंगे। तीसरी पंचवर्षीय योजना के पहले तीन वर्षों में हमारा निर्यात में निश्चित रूप से बढ़ोतरी हुई। लेकिन पिछले दो वर्षों में हमारा निर्यात प्रायः जहां का तहां रहा है। पूर्व यूरोपीय देशों में सामान्य रूप से, और सोवियत समाजवादी गणतंत्र संघ से विशेष रूप से हमारा निर्यात काफी बढ़ा है। तो भी, दुनिया के शेष देशों के साथ लेन देन की स्थिति हम पर बोझ बनी हुई है। देश के विकास में बाहरी सहायता से वांछित योगदान मिलता रहा है, और हम उन बहुत से देशों और अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं के प्रति आभारी हैं जिन से हमें सहायता मिलती है, फिर भी, जितनी जल्दी हो सके हमें निर्यात बढ़ाने और देश को आत्म-निर्भर बनाने के लिए पूरी लगन से जुट जाना चाहिए।

19. सरकारी सैक्टर के कई संयन्त्रों ने कुछ समय हुआ उत्पादन आरंभ कर दिया है। मशीन बनाने वाले, तेल शोधने वाले, और एलाय स्टील का उत्पादन करने वाले सैक्टरों की क्षमता और बढ़ी है। चौथी योजना में सरकारी सैक्टर में उद्योगों के विस्तार के लिए पर्याप्त व्यवस्था रहेगी। इस सम्बन्ध में विशेष उल्लेखनीय है, बोकारो का स्टील प्लांट जो सोवियत सहयोग से खड़ा किया जायगा, और वे कारखाने जिनका उद्देश्य है परमाणु शक्ति को शांतिपूर्ण और रचनात्मक कार्यों के लिए नियोजित करना। डा० एच० जे० भाभा की दुःखद मृत्यु से एटामिक एनर्जी कमीशन और वस्तुतः विज्ञान संसार को जो क्षति हुई है उसकी पूर्ति होना असंभव है। जो काम उन्होने आरंभ किया था उसे अबाध गति से आगे बढ़ाना चाहिये।

20. सरकारी सैक्टर में जो पूजी हम लगाते हैं उसका पर्याप्त लाभ हमें मिलना चाहिये। हमारी सरकार का इरादा है कि वह सरकारी सैक्टर के कारखानों के दक्षता पूर्ण प्रबन्ध की ओर विशेष ध्यान दे।

21. निजी सैक्टर के उद्योगों को भी अपना उत्पादन और क्षमता बढ़ानी है। योजनाबद्ध अर्थ-व्यवस्था और तंगी की हालतें में कुछ कटौतियां और नियंत्रण अनिवार्य हैं, फिर भी ऐसी स्थितियां लाई जानी चाहिए जिनमें चौथी पंचवर्षीय योजना के ढांचे के भीतर निजी पहलकदमी और निजी बचत वृद्धि और विकास के हित में ज्यादा से ज्यादा काम आ सकें।

22. अपनी जनता का स्वास्थ्य सुधारने और जीवनावधि की औसत बढ़ाने में हमने जो सफलता प्राप्त की है उससे हमें संतोष है। इस समय उपलब्ध डाक्टरों की संख्या लगभग 90,000 है जबकि 1960-61 में यह संख्या 70,000 थी, और इस अवधि में अस्पतालों बिस्तरों की संख्या लगभग एक तिहाई बढ़ गई हैं। पिछले दशक में मलेरिया से होने वाली मृत्यु पर प्रायः पूरी तरह काबू पा लिया गया है। मृत्यु की दर में कमी लाने के साथ साथ हमें पैदायश की दर भी घटानी पड़ेगी। अगर आबादी लगभग दस लाख प्रति मास की दर से बढ़ती गई तो हमें अपने जीवन स्तर को ऊंचा करना और अपनी जनता का पेट भरने के लिए आयात पर लगातार निर्भर होने से बचना कठिन हो जाएगा। परिवार परिसीमन के कार्यक्रम को तेजी से चलाना है और सबको इससे परिचित कराना है।

23. प्राइमरी दर्जे पर स्कूल जाने वाले बच्चों की संख्या जो प्रथम योजना के आरम्भ में 40 प्रतिशत से कुछ अधिक थी इस वर्ष लगभग 80 प्रतिशत हो गई है। इसी अवधि में उच्च दर्जो पर प्रतिशत लगभग तिगुना हो गया है। तीसरी योजना के दौरान टैक्नीकल ट्रेनिंग संस्थाओं के स्नातकों की संख्या दुगनी हो गई है।

24. साल के दौरान कीमतें बराबर बढ़ती रहीं, गो बढ़ोतरी की दर इतनी ऊंची नहीं थी जितनी पिछले साल। इस वर्ष कृषि उत्पादन में जो गिरावट आई है उसे ध्यान में रखते हुए मुद्रा-स्फीती संबंधी दबाव पर नियंत्रण

रखने के लिए क़दम उठाना जरूरी हो गया है। सरकारी खर्च में कटौती करने से इस संबंध में काफी असर हो सकता है।

25. हमारी सरकार यह प्रयत्न कर रही है कि योजना के बाहर के खर्चों में कुछ काट-छांट करे और अपने संसाधनों को विकास पर केन्द्रित करे। लेकिन कुछ ऐसे क्षेत्र हैं जिन पर अधिक खर्च करना ही पड़ेगा। हमें उन लोगों के पुनर्वास की व्यवस्था करनी है जो हाल के संघर्ष में विस्थापित हो गए हैं। सूखाग्रस्त क्षेत्रों में हमें राहत पहुंचाने के उपाय करने ही हैं। हाल के महीनों में हमारी उत्तरी सीमा पर जो तनाव बढ़ा है उसके कारण सुरक्षा पर अधिक व्यय की व्यवस्था करने को हम बाध्य हैं। जैसी परिस्थितियां हैं उनमें अधिक कठोर आर्थिक अनुशासन अनिवार्य है, जो भीतर भी लागू हो और बाहर भी।

26. धन संबंधी और आर्थिक नियन्त्रण भले ही वह थोड़े समय के लिए आवश्यक जान पड़े हमारी अर्थ-व्यवस्था की आधारभूत समस्याओं का कोई समाधान नहीं कर सकते। गरीबी को हटाने के लिए हमें उत्पादन बढ़ाना होगा। इसी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, सरकारी सेक्टर और निजी सेक्टर को भी महत्वपूर्ण कार्य करने हैं।

27. किन्हीं कारणों से, जिन का गुमान नहीं था, चौथी योजना की तैयारी में दुर्भाग्यवश विलंब हो गया है। 1966-67 के लिए योजना तैयार है, इसे लागू करने के लिए राज्य सरकारें अपने संसाधनों को एकत्र कर रही हैं। यद्यपि 1966-67 की योजना पर होने वाला कुल खर्च उससे कम रहेगा जिसकी कि हमने आशा की थी, फिर भी इस बात के लिए पूरा प्रयत्न किया जायगा कि इस कमी को चौथी पंचवर्षीय योजना के शेष वर्षों में पूरा कर दिया जाए।

28. संसद सदस्यगण, एक नई सरकार सत्तारूढ़ हुई है। इसका नेतृत्व एक ऐसी हस्ती के हाथ में है, जिसे आप सब जानते हैं और आजादी के सैनिकों में युवा पीढ़ी की है। विभागों और मंत्रालयों के पुनर्गठन में वह प्राथमिकता प्रतिबिंबित है जिसकी ओर मैंने अभी संकेत किया है।

29. आपके विचारार्थ आपके सामने 38 बिल पहले से हैं। जो नयें बिल सरकार आपके सामने रखना चाहती है, उनमें से कुछ ये हैं—

(1) चावल शोधक उद्योग (विनियम) संशोधन बिल, 1966;

(2) फसल बीमा बिल, 1966;

(3) भारतीय तटकर (संशोधन) बिल, 1966, (आर्डिनैन्स की जगह);

(4) आवश्यक व्यापार वस्तु (संशोधन) बिल, 1966;

(5) ठेका मजदूर (नियमन और समाप्ति) बिल, 1966;

(6) अग्रिम ठेका (विनियम) संशोधन बिल, 1966;

(7) सशस्त्र सेना (विशेषाधिकारों की बरक़रारी) बिल, 1966; और

(8) आयात-निर्यात नियंत्रण (संशोधन) बिल, 1966।

30. 1966-67 के वित्तीय वर्ष के लिए भारत सरकार के अनुमानित आय व्यय का एक ब्यौरा आपके सामने रखा जाएगा।

31. संसद सदस्यगण, मेरी शुभकामना है कि आप अपने कार्यों में सफल हों। हमारा उद्देश्य विदित और हमारा लक्ष्य स्पष्ट है। हमें देश में अपनी जनता के जीवन को बेहतरी के लिए प्रयत्न करना, और विश्व में शान्ति और सहयोग को समुन्नत करने के लिए सहायता प्रदान करना है। उन लक्ष्यों की ओर साहस, बुद्धि और सहकारिता की भावना से आपको अपने देश को ले चलना है।